प्रेस नोट **16/01/2025**

<u>दिनांक 09/10.01.2025 को थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत अमिला में खुशबू ज्वेलर्स दुकान में हुयी चोरी का सफल अनावरण, पुलिस मुठभेड़ में घायल एक शातिर अपराधी सहित कुल 05 अन्तर्जनपदीय अपराधी (02 महिलायें) गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के लगभग 07 किग्रा0 चांदी के ज्वेलरी, 72 ग्राम सोना, 03 अवैध तमंचा व 14 जिंदा/खोखा कारतूस 12/315 बोर, 03 साईकिल एवं रुपये बरामद -</u>

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी घोसी नेतृत्व में थाना घोसी पुलिस टीम को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 15/16.01.2025 को रात्रि देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत जमालपुर बीकमपुर मोबीन शेख के ट्यूबेल के पास से प्रातः लगभग 03ः45 बजे पुलिस मुठभेड़ में थाना घोसी में पंजीकृत मु0अ0सं0 20/25 धारा 331(4),305 बीएनएस में वांछित एक शातिर अपराधी सीताराम पुत्र स्व0 शंकर निवासी बनारसीदास वार्ड नं0-3 थाना कोतवाली जनपद औरैया घायल हो गया, जिसके कब्जे से 72 ग्राम सोना, एक अवैध तमंचा 315 बोर व 03 खोखा एवं 03 जिंदा कारतूस 315 बोर व 1200 रुपए बरामद कर घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। इस दौरान जवाबी फायरिंग में उक्त के दांये पैर में गोली लगी है जिसका इलाज कराया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.01.2025 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर खत्रीपार नहर पुलिया के पास से उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त राजवीर सिंह उर्फ लेखरा पुत्र हरिपाल निवासी सलारपुर भंगेर थाना सेक्टर 39 जनपद गौतमबुद्ध नगर, मुकेश पुत्र हरिपाल निवासी धनपरा कादर चौक बंदायू, विमला पत्नी राजेश निवासी सिंगलामऊ थाना फंफूद जनपद औरैया व मुन्नी परिहार पत्नी फंटूस निवासी बघार मनिहारी कटिहार बिहार के कब्जे से 06 किलो 900 ग्राम चांदी के ज्वेलरी, एक तमंचा व 04 जिंदा कारतूस 12 बोर, एक तमंचा 315 बोर व 04 जिंदा कारतूस, 03 साईकिल व एक हजार रुपये बरामद किया गया था। इस दौरान उक्त अभियुक्त सीताराम फरार हो गया था। पूछताछ के दौरान उक्त द्वारा बताया गया था कि हम सब और उसका साथी उपरोक्त सीताराम के साथ मिलकर दिनांक 09/10.01.2025 को थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत अमिला में खुशबू ज्वेलर्स की दुकान में तथा दिनांक 06.01.2025 की रात्रि थाना रानीपुर के खुरहट में चोरी किये थे।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. सीताराम पुत्र स्व0 शंकर निवासी बनारसीदास वार्ड नं0-3 थाना कोतवाली जनपद औरैया। (मुठभेड में गिरफ्तार)।
2. राजवीर सिंह उर्फ लेखरा पुत्र हरिपाल निवासी सलारपुर भंगेर थाना सेक्टर 39 जनपद गौतमबुद्ध नगर।
3. मुकेश पुत्र हरिपाल निवासी धनपरा कादर चौक बंदायू।

4. विमला पत्नी राजेश निवासी सिंगलामऊ थाना फंफूद जनपद औरैया।
5. मुन्नी परिहार पत्नी फंटूस निवासी बघार मनिहारी कटिहार बिहार।

बरामदगी-

1. चोरी के लगभग 07 किग्रा0 चांदी के ज्वेलरी।
2. 72 ग्राम सोना।
3. 03 अवैध तमंचा व 14 जिंदा/खोखा कारतूस 12/315 बोर।
4. 03 साईकिल।
5. 2200 रुपये।

गिरफ्तार/बरामदकर्ता पुलिस टीम-

निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह एसएचओ घोसी, उ0नि0 अजीत दूबे, उ0नि0 दिनेश यादव, का0 धर्मपाल भारती, का0 धर्मेन्द्र, का0 अवनीश यादव, हे0का0 काशीनाथ पाण्डेय, का0 सुनील कुमार, का0 सुनील गुप्ता, का0 आनंद पाण्डेय व नरेन्द्र निषाद थाना घोसी मऊ।

अपराधिक इतिहास अभियुक्त सीताराम-

1. मु0अ0सं0 161/21 धारा 380,411 भादवि थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 168/21 धारा 380,411,457 भादवि थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 169/21 धारा 380,411,457 भादवि थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
4. मु0अ0सं0 105/23 धारा 174ए थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर।
5. मु0अ0सं0 155/21 धारा 380,411,457 थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर।

03 वांछित तथा 01 वारण्टी अभियुक्त–

आज दिनांक 16.01.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के चौरान थाना घोसी पुलिस द्वारा रोडवेज मधुबन मोड़ के पास से मु0अ0सं0 25/25 धारा 85,80(2) बीएनएस व धारा 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण समशाद पुत्र यासीन, यासीन पुत्र स्व0 जमीर अहमद निवासी कस्बा घोसी जनपद मऊ व थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा अतरारी चुंगी के पास से मु0अ0सं0 446/24 धारा 64 बीएनएस में वांछित अभियुक्त मोहम्मद सैफ पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी चिल्लूपार थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर तथा थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त एजहार पुत्र सलीम निवासी विरनो थाना विरनो जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।